Keeping our Network
Stronger than Crime
Etawah Police

प्रेस नोट दिनांक 29.12.2024

इटावा सर्विलांस/एसओजी टीम द्वारा अथक परिश्रम कर लोगों के खोये हुए विभिन्न कम्पनियों के 102 मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये) किये गये बरामद।

गुम हुये मोबाइलों की तलाश करने के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में सर्विलांस/ एसओजी टीम इटावा द्वारा अथक परिश्रम कर जनता के खोये हुए 102 मोबाइलों (अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये) को बरामद कर उनके मालिकों को सकुशल सुपुर्द किया गया।

संक्षिप्त विवरणः-

लोगों द्वारा अपने खोये हुए मोबाइलों के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा को सम्बोधित करते हुए प्रार्थना पत्र दिये गये थे। जिसके संबंध में संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा सर्विलांस टीम को मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में सर्विलांस टीम द्वारा अथक मेहनत करते हुए इलेक्ट्रानिक एवं मैनुअल साक्ष्य संकलित कर खोये हुये जनता के 102 मोबाइल फोन को तलाश किया गया, जिनको वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा आज दिनांक 29.12.2024 को उनके मालिकों को वितरित किया गया।

अपने गुमशुदा मोबाइलों को पाकर मोबाइल मालिकों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इटावा पुलिस का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

बरामद मोबाइलों का विवरण-

1. ओप्पो कम्पनी मोबाइल - 17
2. वीवो कम्पनी मोबाइल – 28
3. रियलमी कम्पनी मोबाइल – 18
4. रेडमी कम्पनी मोबाइल – 15
5. सैमसंग कम्पनी मोबाइल – 06
6. इनफिनिक्स कम्पनी मोबाइल – 06
7. टैक्नो कम्पनी मोबाइल – 02
8. पोको कम्पनी मोबाइल – 02
9. वन प्लस कम्पनी मोबाइल – 06
10. मोटोरोला कम्पनी मोबाइल – 01
11. आईक्यू कम्पनी मोबाइल- 01

पुलिस टीमः- निरी0 श्री जितेन्द्र प्रसाद शर्मा प्रभारी एसओजी, उ0नि0 श्री नागेन्द्र सिंह प्रभारी सर्विलान्स, हे0का0 कुलदीप यादव, हे0का0 राशिद खाँ, हे0का0 जगपाल, का0 सुशील कुमार, का0 आनन्द कुमार, का0 अनुज कुमार, का0 अंकित, का0 सुरजीत, का0 आलोक कुमार, का0 अरूण कुमार, का0 अरविन्द कुमार, का0 आदेश कुमार।